सार-समाचार

ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

कोटा, (निसं)। अटल भूजल योजना के अंतर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई भूजल विभाग कोटा एवं सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान आईएमटीआई के तत्वाधान में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सहायक विकास अधिकारी खंड सांगोद चंद्र प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में आयोजन पंचायत समिति सभागार भवन सांगोद में किया गया। सहायक विकास अधिकारी योजना के बारे में बताते हुए सभी से अधिक से अधिक जल संरक्षण कार्यो को इस योजना में समायोजित करने का आह्वान किया जिससे वर्षा जल का सदुपयोग करते हुए वर्षा जल का संग्रहण कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक उपयोग हो सकें। नोडल अधिकारी सुबोध मेहता भूजल वैज्ञानिक अटल जल योजना भूजल विभाग ने योजना के अन्तर्गत मुख्य उद्देश्य एवं योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही ब्लॉक सांगोद की भूजल स्थिति की रिपोर्ट से अवगत कराया एवं जल की गुणवत्ता के बारे में भी बताया। सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान से आरबी दाधीच ने कृषि से संबंधित विभागीय योजना से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि परियोजना का लाभ लेने के लिए भूजल मांग में समुदाय आधारित सहभागिता को अपनाने के लिए जोर दिया। साथ ही सूक्ष्म सिंचाई के उपयोग को बढ़ाने के लिए अटल भूजल योजना के तहत योजना में किसानों को शामिल करने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने की जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

कोटा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, रायपुर, झालावाड़ के विद्यार्थियों ने आई स्टार्ट नेस्ट स्थित इन्क्यूबेटर सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसमें 65 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। एसीपी उप निदेशक इंक्यूबेटर सेंटर, डीओआईटी एंड सी मनोज कुमार मीणा ने राजस्थान सरकार की और से विद्यार्थियों एवं उद्यमियों को सशक्त करने लिए करे जा रहे निरंतर प्रयासों से अवगत कराया तथा आई स्टार्ट स्कूल प्रोग्राम व आर-कैट-आईटी फिनिशिंग स्कूल के बारे में भी बताया। आईस्टार्ट नेस्ट संभाग में हुआ इस सत्र, जिसमें इंक्यूबेटर मेंटर आयुष त्यागी ने स्कूल के छात्रों को स्टार्टअप इन्क्यूबेशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नए आईडिया पर काम करने और उद्यमी बन रोजगार उत्पन्न करने पर विचार करने को कहा। इसी क्रम में टिंकरिंग लैब के इंचार्ज मोहम्मद साहिल ने विद्यार्थियों को डी आई वाय किट-रोबोटिक्स 3डी डिज़ाइन प्रोग्रामिंग और रोबोटिक्स कार्यशाला के बारे में बताया। इस कार्यशाला में स्टूडेंट्स ने उद्यमिता, रोज़गार एवं आर्टफीसियल इंटेलिजेंस के नए और प्रायोगिक तरीकों पर चर्चा की गई जो की स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने के लिए कौशल और तकनीकी दक्षता प्राप्त करने के लिए सहायक होगा।

रेलवे मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक

कोटा, (निसं)। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन ने शुक्रवार कोटा उत्तर विधानसभा के रेलवे कॉलोनी मण्डल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली बैठक में भाजपा नवमतदाता अभियान के कोटा ज़िला संयोजक राकेश जैन ने कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में भाजपा का संदेश देते हुए कहा कि मेरा बूथ सबसे मज़बूत की पालना में हमे अभी से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारीयों में जुटते हुए मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम जुड़वाने एवं विधानसभा चुनावों के दौरान जानबूझकर काटे गये नामों को जुड़वाने के कार्य में पूर्ण सक्रियता से लग जाना चाहिये इस पर कार्यकर्ताओं ने आश्वस्त किया कि रेलवे कॉलोनी मण्डल से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा बैठक में रेलवे कॉलोनी मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह निर्भय ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मैं सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का आवाहन किया इस अवसर पर मंडल की कार्यकारिणी पदाधिकारी व एवं भाग प्रमुख, मोर्चा, प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही अंत में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह चंदेल ने रेलवे कॉलोनी मण्डल के कार्यक्रम में आये सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द की 161वीं जयंती ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' के रूप में मनाई गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी कृतज्ञता प्रकट की। कुलपति ने सभी को स्वामी विवेकानंद के द्वारा दिया गया मुख्य प्रेरण मंत्र ''उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये'' अपनाने का आव्हान किया और बताया कि यदि हम उनके दिये ज्ञान, बातों, सीखों व चरित्र के एक छोटे से हिस्से को अपने जीवन में उतार लें तो हमें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुनीता डागा, वित्त नियंत्रक रामधन रैगर, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. एसके जैन, निदेशक पीएमई डॉ. मुकेश चन्द गोयल, निदेशक मानव संसाधन विकास डॉ.महेन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ.वीरेन्द्र सिंह व सम्पदा अधिकारी इंजि.हेमन्त शर्मा सहित विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए सादर नमन किया।

ट्रैफिक सुरक्षा नियमों का महत्व बताया

कोटा, (निसं)। शहर के महाविद्यालय एनएसएस इकाई एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में ट्रैफिक सुरक्षा नियमों पर एक सेमिनार आयोजित की गई जिसमें युवा विद्यार्थियों को ट्रैफिक सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई। सेमिनार के मुख्य अतिथि डीवाईएसपी ट्रैफिक राजेश ढाका ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस आमजनता की सुरक्षा के लिए है। सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिऐं एवं किसी भी तकलीफ में पुलिस की मदद लेनी चाहिऐं। उन्होंने कहा कि हेलमेट का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। संस्थान निदेशक डॉ.अमित सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इसके पश्चात ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जन जागरूकता रैली को डॉ. अमित सिंह राठौड़, पंकज शर्मा, रीना कुमारी एवं यज्ञदत्त हाड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह कल

कोटा, (निसं)। आठवां सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स) दिवस समारोह शहीद स्मारक अन्टाघर चौराहा कोटा में प्रातः 10 बजे मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले. कर्नल एसके पंजाबी ने बताया कि 14 जनवरी को शहीद स्मारक पर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र समर्पित, वीरांगनाओं, वीर माताओं, वीर पिताओं का सम्मान, वीरता एवं विशिष्ठ सेवा पदक धारकों का सम्मान, वयोवृद्ध वेटरन्स का सम्मान व सहभागी वेटरन्स का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने सम्भाग के सभी वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से आव्हान किया है कि 8वां सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

राजकीय मंदिरों पर सजावट होगी

कोटा, (निसं)। अयोध्या में प्रस्तावित राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में जिलेभर के समस्त राजकीय मंदिरों में विशेष सजावट, विद्युत रोशनी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि जिलेभर के समस्त अराजकीय मंदिरों में भी व्यवस्थाओं, गतिविधियों के आयोजन के लिए समस्त उपखण्ड अधिकारियों, पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्वायत्त शासन विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

पेंशनर्स संबंधी कार्यशाला आयोजित

कोटा, (निसं)। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग ने शुक्रवार को पेंशन संबंधी प्रकरणों शंका, समाधान, मार्गदर्शन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कोटा से 58, बारां व झालावाड़ से एक-एक आवेदन प्राप्त हुआ। अतिरिक्त निदेशक क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय डॉ पुरवा अग्रवाल ने बतायास कि 60 आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया एवं विभिन्न शंका, संदेह का समाधान किया गया।

मकर संक्रांति को स्थानीय अवकाश रहेगा

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने सोमवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

लोकसभा अध्यक्ष ने पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष और सांसद-कोटा-बून्दी ओम बिरला ने दिनांक 12 जनवरी को विश्वस्तरीय तर्ज पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ डकनिया तलाव एवं कोटा स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया।

उल्लेखनीय हैं सम्पूर्ण भारतीय रेल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1200 से अधिक स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत कोटा मंडल के 17 स्टेशनों को कुल 356.85 करोड़ की लागत से उन्नत यात्री सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। जिसमे मंडल का सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, भवानीमंडी, बारां, छबरा गुगोर, झालावाड़ सिटी, चौमहला, शामगढ़, मांडलगढ़, भरतपुर, बयाना, श्रीमहावीरजी, हिंडौन सिटी, रामगंजमंडी, बून्दी, विक्रमगढ़ आलोट एवं गरोठ स्टेशन शामिल है। इसके अतिरिक्त डकनिया तलाव एवं कोटा रेलवे स्टेशन का विश्वस्तरीय तर्ज पर पुनर्विकास कार्य क्रमशः 111.18 करोड़ एवं 207.63 करोड़ की लागत से तीव्रता के साथ किया जा रहा है। डकनिया के पुनर्विकास कार्य को 05 नवम्बर, 2024 तक एवं कोटा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को पूरा करने का लक्ष्य 29 अप्रैल,2025 तक है। लोकसभा स्पीकर ने डकनिया एवं कोटा स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के मॉडल एवं ले-आउट प्लान के सभी पहलुओं का मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के माध्यम से जानकारी ली।

रेलवे अधिकारियों द्वारा स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान ओम बिरला ने उक्त दोनों स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के बारे में स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से संवाद किया।

साथ ही उन्होंने मीडियाकर्मियों से प्रेसवार्ता कर भविष्य में डकनिया एवं कोटा स्टेशन पर मुहैया की जाने वाली यात्री सुविधाओं पर चर्चा की। इस दौरान डीआरएम मनीष तिवारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार जैन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (स्टेशन डेवपलमेंट) रितुराज शर्मा, मंडल सुरक्षा आयुक्त ए नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोटा में पहली फुल मैराथन 11 को

कोटा में होने वाली फुल मैराथन की पोस्टर का विमोचन किया गया।

कोटा, (निसं)। यूथ-डे के अवसर पर यूथ सिटी कोटा में एक और नया आयाम स्थापित करने का संकल्प लिया गया। यहां कोटा में हाड़ौती की पहली फुल मैराथन करवाने की घोषणा की गई। घोषणा व पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को रोटरी बिनानी सभागार में हुआ।

इस मैराथन का नाम रोटरी तिरंगा रन होगा। रोटरी क्लब के प्रसीडेंट सीए रोटे प्रीतम गोस्वामी ने बताया कि इस तिरंगा रन का उद्देश्य शिक्षा से वंचित और पिछडे बच्चों को पुनः शिक्षा उपलब्ध करवाना और विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। सचिव दीपक मेहता ने बताया कि कोटा युवाओं का शहर है और यहां युवाओं से जुड़े आयोजन होने चाहिए, जो यहां कि जिंदादिली को प्रदर्शित करते हैं। विशेषकर यहां के कोचिंग स्टूडेंट्स के बीच शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का संदेश देने के लिए हाड़ौती की पहली मैराथन करवाई जा रही हैं। पोस्टर का विमोचन सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो फिट है वो हिट है। हम सभी रोजाना एक निर्धारित समय अपने स्वास्थ्य के लिए निकालना चाहिऐं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर आयरन मैन मृगेश गुप्ता व डॉ.सुबोध जैन ने बताया कि शहर में अब तक सिर्फ हॉफ मैराथन का आयोजन ही हुआ है। यह पहली बार है जब फुल मैराथन करवाई जाएगी है। रजिस्ट्रेशन शुरू किए जा चुके हैं। इस मैराथन में 42 किमी रन के साथ-साथ 21 किमी की हॉफ मैराथन, 10 किमी की टाईम्ड रन और 5 किमी की फैमिली एण्ड फन रन भी होगी। यही नहीं फिजिकल रन के साथ वर्चुअल रन भी करवाई जाएगी। नए कोटा में होने वाली इस रन की शुरुआत श्रीनाथपुरम स्टेडियम से की जाएगी। रोटरी तिरंगा रन में राजस्थान ही नहीं वरन देश के विभिन्न राज्यों के धावक शामिल होंगे। इस आयोजन में शामिल होने के लिए महिला, पुरुष, युवा सभी में उत्साह दिख रहा है। कुछ बुजुर्ग भी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वस्थता से जोडना तथा नियमित शारीरिक क्रिया के लिए प्रेरित करना है।

स्वस्थता को समर्पित किए जाने वाले इस आयोजन से जोड़ने के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से रजिस्ट्रेशन शुल्क में विशेष छूट दिए जाने का भी प्रावधान किया जाएगा।

खुशियों की टोकरी महाअभियान से गरीब बच्चों की झोलियां भरी

कोटा, (निसं)। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के तत्वावधान में गरीब बच्चों के घर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर घर महके व खुशियां मने इसी उद्देश्य को लेकर खुशियों की टोकरी महाअभियान का आगाज शुक्रवार को कोटा रेलवे स्टेशन एवं जयपुर के समीप आंधी ग्राम पंचायत पर बच्चों को तिल के लड्डू ,पतंग, मांझा बिस्किट क्रीम रोल सहित खुशियाँ बांटकर मकर संक्रांति महापर्व का पूर्व आनंद कराया।

न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी की अध्यक्ष अंजू शर्मा ने बताया कि सोसाईटी ने सामाजिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन सहयोग से 12 जनवरी से 15 जनवरी तक मकर संक्रांति का पर्व गरीब व निर्धन बच्चों के साथ, उनकी छोटी सी हँसती मुस्कान के लिए मनाने का निर्णय लिया गया था इसी के क्रम में खुशियों की टोकरी महा अभियान का आगाज शुक्रवार को कोटा रेलवे स्टेशन एवं जयपुर के समीप आंधी ग्राम पंचायत पर बच्चों को तिल के लड्डू, पतंग, मांझा बिस्किट क्रीम रोल सहित खुशियाँ बांटकर मकर संक्रांति महापर्व का पूर्व आनंद कराया।

कार्यक्रम संयोजक के.के. शर्मा कमल ने बताया कि आंधी ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी अशोक कुमार मीणा की अगुवाई में ग्राम विकास अधिकारी विष्णु कुमार मीणा सतीश कुमार खंडेलवाल थौलाई सरपंच रामस्वरूप मीणा की उपस्थिति में मैं बच्चों को खुशियों की टोकरी में तिल के लड्डू, पतंग, मांझा किट वितरित किए गए। अध्यक्ष शर्मा ने बच्चों के चेहरे पर उमंग, उल्लास, और मुस्कान लाने के उद्देश्य खुशियों की पोटली महाअभियान की शुरुआत की है। समिति के द्वारा होली दीपावली एवं मकर संक्रांति पर इस तरह का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है कार्यक्रम संयोजक के.के. शर्मा कमल ने बताया कि खुशियों की टोकरी महा अभियान से जरूरतमंद बच्चों को तिल के लड्डू, पतंग, मांझा किट वितरित किए गऐं। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी अशोक कुमार मीणा, विष्णु कुमार मीणा, सतीश कुमार खंडेलवाल, थौलाई सरपंच रामस्वरूप मीणा सेडूराम सोनू महावर सोनू कुमार, मोनू, एवं अन्य समाजसेवी एवं बच्चे उपस्थित रहे। अंत में प्रोफेसर सपना जोशी ने सभी का आभार प्रकट किया।

रैन बसेरों का निरीक्षण किया

कोटा जिला कलेक्टर रात्रि में रैन बसेरों के निरीक्षण के लिये निकले।

कोटा, (निसं)। शीत लहर के दौर में कोई भी सर्दी में बेघर ना रहे और रेन बसेरों में माकूल व्यवस्थाएं रहें, इसके लिए जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिले भर में एक साथ गुरुवार रात्रि रैन बसेरों का आकस्मिक निरीक्षण कराया गया।

जिला कलेक्टर ने स्वयं कोटा उत्तर और दक्षिण नगर निगम क्षेत्र में रैन बसेरों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं। जिला कलेक्टर ने एमबीएस अस्पताल, जेके लोन, नयापुरा, मेडिकल कॉलेज एवं आसपास क्षेत्र के रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां व्यवस्थाएं देखीं, रिकॉर्ड भी चेक किया। रिकॉर्ड रजिस्टर में से यहां रहकर गए लोगों से फोन कर जानकारी ली कि उन्हें व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली या नहीं। व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई, इन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त कोटा उत्तर अनुराग भार्गव उपस्थित रहे। उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारियों ने एवं ब्लॉक स्तर पर बीडीओ द्वारा रैन बसेरों के निरीक्षण किए गए।

सार-समाचार

एन.एस.ई. में एलन का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोटा, (निसं)। इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी) द्वारा आयोजित किये जाने वाले नेशनल स्टैण्डर्ड एग्जामिनेशनंस (एनएसई) में एलन प्री नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। नवंबर माह में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जा चुके हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि आईएपीटी द्वारा विभिन्न विषयों जैसे कि फिजिक्स, बॉयोलॉजी, जूनियर साइंस एवं एस्ट्रोनॉमी आदि में नेशनल स्टैण्डर्ड एग्जामिनेशनंस आयोजित किये जाते हैं। ये सभी परीक्षाएं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले ओलिंपियाड्स के प्रथम चरण हैं। इस वर्ष आयोजित परीक्षाओं के प्रथम चरणों में फिजिक्स में 3, बायोलॉजी में 5, एस्ट्रोनॉमी में 9 एवं जूनियर साइंस में 7 विद्यार्थियों का चयन द्वितीय चरण यानी इंडियन नेशनल ओलिंपियाड (आईएनओ) के लिए हुआ है। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी चरण की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई। एलन के पीएनसीएफ विभाग में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। संस्था के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों हेतु आगामी सत्र के लिये पंजीयन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।

राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

कोटा, (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, कोटा में ''स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन इट्स ऑल इन द माइंड'' की थीम पर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर सुषमा सिंह, प्रोफेसर सपना जोशी एवं डॉक्टर श्रीकांत भारतीय ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य ने स्वामीजी के जीवन दर्शन एवं शैक्षिक दर्शन पर अपने विचार प्रकट किये तथा प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। डॉक्टर श्रीकांत भारतीय ने स्वामीजी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा मन मस्तिष्क के विषय में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात समस्त आचार्य गणों ने विभिन्न गीत, कविता एवं संस्मरण के माध्यम से स्वामीजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किऐं। बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने विश्वास, उत्साह, स्मृति एवं ब्रेनस्टॉर्मिंग गतिविधियों में उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. प्रथम वर्ष की प्रतीक्षा एवं प्रियंका के द्वारा किया गया।

'युवा राष्ट्र निर्माता है'

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा व खेल मंत्रालय भारत सरकार की नेहरू युवा केंद्र कोटा इकाई के तत्वाधान में शुक्रवार को स्थानीय ओम कोठारी मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टीटयूट अनंतपुरा सभागार में नेहरू युवा केंद्र, शहर के कॉलेजो की एनएसएस इकाईयों स्काउट गाइड संगठन, कोषिष एनजीओ व आरएसएलडीसी कोटा के सहयोग से युवा दिवस समारोह का आयोजन विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2024/1878 **विज्ञप्ति** दिनांक 11.1.2024

न्यास कार्यालय की टीचर्स कालोनी व्यावसायिक योजना में दुकान/भूखण्ड/आवास 14 का आवंटन पत्र क्रमांक 88 दिनांक 26.04.1995 के द्वारा श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री जमनालाल को किया गया था। श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री जमनालाल की मृत्यु दिनांक 22.01.2021 को हो चुकी है। श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री जमनालाल के विधिक वारिसान के शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं प्रस्तुत रिलीज डीड के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमति प्रिया शर्मा पत्नि स्व. श्री अवधेश शर्मा एवं यश शर्मा पुत्र स्व. श्री अवधेश शर्मा के नाम किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः जिस किसी को भी उक्त दुकान/भूखण्ड/आवास के हस्तानांतरण मृत्यु उपरांत श्रीमति प्रिया शर्मा पत्नि स्व. श्री अवधेश शर्मा के नाम किये जाने में कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त दुकान/भूखण्ड/आवास का स्वामित्व हस्तानांतरण श्रीमति प्रिया शर्मा पत्नि स्व. श्री अवधेश शर्मा एवं यश शर्मा पुत्र स्व. श्री अवधेश शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-2108 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 12.1.2024

नगर विकास न्यास कोटा की योजना विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाईल स्पेशल के भूखण्ड संख्या 4 मै. चौधरी ट्रेडर्स प्रो. श्री सुभाष चौधरी पुत्र श्री टेहल सिंह को आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 12.12.2000 के द्वारा आवंटन किया गया था। आवंटी मै. चौधरी ट्रेडर्स प्रो. श्री सुभाष चौधरी पुत्र श्री टेहल सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री सुनील कुमार अरोडा पुत्र श्री बखत राम द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.04.2012 को श्रीमती अरूणा देवी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार जैन को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता श्रीमती अरूणा देवी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार जैन के द्वारा उक्त भूखण्ड के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 4 विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाईल स्पेशल का नाम हस्तान्तरण श्रीमती अरूणा देवी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-2109 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-12.1.2024

नगर विकास न्यास कोटा की योजना विश्वकर्मा नगर विस्तार के भूखंड संख्या 24 Ext. मै. चीना ऑटोमोबाईल प्रो. मंजू चौधरी को आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 4.12.2000 के द्वारा आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री गंगासहाय मीणा पुत्र रामसहाय द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 27.9.2023 को श्री पुखराज मालव पुत्र रामनाथ मालव को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखंड के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 24 Ext. योजना विश्वकर्मा नगर विस्तार का नाम हस्तान्तरण श्री पुखराज मालव पुत्र रामनाथ मालव के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1217 **विज्ञप्ति** दिनांकः-12.1.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरखण्डी में स्थित कृषि भूमि योजना श्रीनाथ नगर-ए खसरा नं. 20 में स्थित भूखंड संख्या 3 आवेदक/आवेदिका श्रीमती उषा गुप्ता पत्नी श्री मुकेश गुप्ता निवासी 12 महालक्ष्मी रेजीडेन्सी बारां रोड नयानोहरा कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 8167 दिनांक 19.11.2010 को श्रीमती कमला जैन पत्नी श्री दुलीचन्द जैन के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 22.08.2020 को हो चुकी है। पट्टाधारी द्वारा अपने जीवनकाल में जर्ये रजि. वसीयतनामा दिनांक 25.10.2012 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती उषा गुप्ता पत्नी श्री मुकेश गुप्ता के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

खोया-पाया

मेरे आवास संख्या 2-ज-6 विज्ञान नगर कोटा की आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र के मूल प्रति कही गुम हो चुकी है, काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रही है, जिस किसी को भी मिले तो उक्त पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

पता-अरुणा आकोदिया,
मकान नं. 2-ज-6 विज्ञान नगर कोटा,
मो. 9828337066

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री जी लॉजिस्टिक ग्राम खेड़ा जगपुरा तहसील लाडपुरा जिला कोटा (राज.) में स्थित है जिसका रजिस्ट्रेशन नं. 19/15/2007 है। जिसके भागीदार (1) श्रीमती सूरज देवी राठी एवं (2) श्रीमती निर्मला देवी जैन थे। उक्त फर्म से दिनांक 01.04.2021 को श्रीमती निर्मला देवी जैन रिटायर हो चुकी है एवं श्रीमती निर्मला देवी जैन का देहान्त दिनांक 22.04.2021 को हो चुकी है एवं दिनांक 01.04.2021 को उक्त फर्म की भागीदारी में (1) श्री कुनाल जैन, (2) श्री करण पाण्डया, (3) श्री रिद्धिमन पाण्डया को नये भागीदार के रुप में सम्मिलिति किया है। अब उक्त फर्म के वर्तमान भागीदार (1) श्रीमती सूरज देवी राठी, (2) श्री कुनाल जैन, (3) श्री करन पाण्डया (4) श्री रिद्धिमन पाण्डया है। संविधान परिवर्तन बावत किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स (जिला उद्योग केन्द्र) कोटा पर 07 दिवस में सूचित करें।

दिनांक: 12.01.2024 मैसर्स श्री जी लॉजिस्टिक
पार्टनर श्रीमती सूरज देवी राठी
पता-5-बी-27 विज्ञान नगर कोटा (राज.)
मो. 6377514518

पश्चिम मध्य रेल

मुख्य कारखाना प्रबंधक,
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
निविदा सं:M-324-2-6-BODYREP-Ten02
दिनांक: 09.01.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु0का0प्र0, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित करते है। टेण्डर सं0 M-324-2-6-BODYREP-Ten02, कार्य का विवरणः "माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा/पश्चिम मध्य रेलवे में 24 महीने की अवधि हेतु ग्रेडेशन फॉर्म के अनुसार एम.एस. और एस.एस. समूह के सभी वेगनों (बॉक्स एन, बी.सी.एन./बी.सी.एन.ए., बी.वी.जेड.सी., बी.वी.जेड.आई.,बॉक्स.एन.एच.एल.,बी.सी.एन.एच.एल., बॉक्सएनआर इत्यादि)में स्ट्रिपिंग (गैस कटिंग), फिटिंग, वेल्डिंग और विविध प्रकार के बॉडी पैच की मरम्मत अथवा उन्हें बदलने का कार्य।", अनुमानित लागत(रू. में) : 3,43,20,000.00/-, निविदा प्रपत्र राशि (रू. में) : निल, बयाना राशि (रू.में) : 3,21,600.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 माह, निविदा बंद व खुलने का समय व तारीखः बंद 11.30 बजे दिनांकः 07/02/2024 व खुलेगी 12:00 बजे दिनांकः 07/02/2024। ई-निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-II
पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांकः-ननिको.(उ.)/भ.नि./जोन प्रथम/2023/13887-88 दिनांकः 29.12.23

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रकाशचन्द जैन पुत्र स्व. श्री सोहनलाल जैन निवासी म.नं. 5-ई-9 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा द्वारा भूखंड/दुकान नं. 4 विक्रम मार्केट लाडपुरा कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 123.75 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

भूखंड/दुकान नं. 4 विक्रम मार्केट लाडपुरा कोटा स्थित दुकान का आवंटन (बिना छत के) नगर निगम कोटा द्वारा दिनांक 06.10.1998 को श्रीमती कमला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री सोहनलाल के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती कमला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री सोहनलाल की मृत्यु दिनांक 11.03.2007 को हो चुकी है। श्रीमती कमला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री सोहनलाल मृत्यु उपरांत श्री प्रकाशचन्द जैन पुत्र स्व. श्री सोहनलाल जैन द्वारा एक मात्र जीवित वारीस होने का शपथ पत्र एवं माता का मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर दुकान नं. 4 (बिना छत के) विक्रम मार्केट लाडपुरा का नाम हस्तानान्तरण चाहा गया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार भूखंड/दुकान नं. 4 विक्रम मार्केट लाडपुरा कोटा स्थित उक्त भूखंड/दुकान का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड/दुकान का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांकः-ननिको.(उ.)/भ.नि./जोन प्रथम/2023/13885-86 दिनांकः 29.12.23

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रकाशचन्द जैन पुत्र स्व. श्री सोहनलाल जैन निवासी म.नं. 5-ई-9 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा द्वारा भूखंड/दुकान नं. 13 विक्रम मार्केट लाडपुरा कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 160 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

भूखंड/दुकान नं. 13 विक्रम मार्केट लाडपुरा कोटा स्थित दुकान का आवंटन (बिना छत के) नगर निगम कोटा द्वारा दिनांक 14.10.1998 को श्रीमती कमला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री सोहनलाल के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती कमला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री सोहनलाल की मृत्यु दिनांक 11.03.2007 को हो चुकी है। श्रीमती कमला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री सोहनलाल मृत्यु उपरांत श्री प्रकाशचन्द जैन पुत्र स्व. श्री सोहनलाल जैन द्वारा एक मात्र जीवित वारीस होने का शपथ पत्र एवं माता का मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर दुकान नं. 13 (बिना छत के) विक्रम मार्केट लाडपुरा का नाम हस्तानान्तरण चाहा गया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार भूखंड/दुकान नं. 13 विक्रम मार्केट लाडपुरा कोटा स्थित उक्त भूखंड/दुकान का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड/दुकान का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर